प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बोकारो में आज सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के आठ नक्सलियों को मार गिराया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि मारे गये नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं। घटना स्थल से कई हथियार भी बरामद किये गये हैं। डीजीपी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने की नसीहत दी है।

*******************

इस बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नक्सलवाद को खत्म करने की मुहिम निरंतर जारी है। गृह मंत्रालय ने एक ट्विट में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों की भूमिका की सराहना की है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ पानी, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी की वित्तीय पहुंच और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। श्री मोदी ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की सफलता शानदार रही है। गिरिडीह जिले का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां नल से जल कनेक्शन 18 प्रतिशत से बढ़कर शत प्रतिशत हो गया है।

साउंड बाइट– नरेंद्र मोदी ऑन सिविल सेवा डे – 33 सेकेण्ड

मौके पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 अधिकारियों को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड से सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को भी यह पुरस्कार दिया गया।

*******************

रोमन कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का आज वेटिकन सिटी में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। पिछले कुछ हफ्तों से वे बीमार चल रहे थे। पोप फ्रांसिस पहले लातिनी अमरीकी पोप थे और वे सर्वाधिक उम्र में पोप बनने वाले व्यक्ति भी थे।

*******************

धनबाद जिले में अबुआ आवास और प्रधान मंत्री आवास योजना –ग्रामीण के क्रियान्वयन में तेजी लाने की पहल तेज कर दी गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

गिरिडीह में आज हुए अग्निकांड में दो महिलाओं की मौत हो गयी है। पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि रिश्ते में दोनों मां और बेटी थी। इस घटना में करोड़ों रुपए के कपड़े और अन्य सामान जल गये हैं।

*******************

हजारीबाग के केरेडारी में बीजीआर के कर्मी विकास कुमार राम की सड़क दुर्घटना में मौत के खिलाफ पिछले 24 घंटे से स्थानीय ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं। गौरतलब है कि रविवार को एक हाईवा ने विकास कुमार को रौंद दिया था। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवा में आग लगा दी थी। घटना के विरोध में मृतक के परिजनों

ने केरेडारी माइंस को भी बंद करा दिया है और घटना स्थल पर शव  रखकर ट्रांसपोर्टिंग सड़क को जाम कर दिया है।

********समाप्त************